### एक नजर में

## रोजगार के अवसर हेतु कल लगेगा युवा मेला

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, रोजगार विभाग तथा शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ के सहयोग से शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में 27 नवम्बर को रोजगार मेला, युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेगें। उक्त रोजगार मेले में टीकमगढ़ जिले के 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक, डिप्लोमा उत्तीर्ण समस्त बेरोजगार युवा अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड सहित उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मनोज कुमार विश्वकर्मा प्रशिक्षण अधिकारी शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ के मोबाईल पर संपर्क कर सकते हैं। जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, रोजगार विभाग तथा शासकीय आईटीआई में मेला लगेगा।

# बीएलओ का सहयोगियों पर लापरवाही का आरोप

**एसआईआर कार्य में पटवारी एवं सहायिका नहीं कर रही सहयोग**

**मोहनगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिंदारी का है पूरा मामला**




**नवभारत न्यूज टीकमगढ/मोहनगढ़। निर्वाचन आयोग के द्वारा हाल ही में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ है जिसकी अंतिम तिथि 4 दिसंबर है। टीकमगढ़ जिले के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में सभी विधानसभा क्षेत्रों में एस आई आर का कार्य तेजी से चल रहा है, जिले के बल्देवगढ़ और खरगापुर ब्लॉक में एसआईआर का कार्य कुछ ग्राम पंचायतो में तो 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और अधिकांश ग्राम पंचायत में 70प्रतिशत से ऊपर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य तैयार कर लिया गया है, तो कुछ ग्राम पंचायतें ऐसी हैं कि जहां का कार्य 50प्रतिशत से नीचे निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर देखा जा रहा है। वही मोहनगढ़ तहसील की एक ग्राम पंचायत में एसआईआर के कार्य के लिए तैनात किए गए बीएलओ ने आरोप लगाया है कि उसके सहयोग के लिए जो पंचायत से जिस अमले की ड्यूटी लगाई गई है उसके कर्मचारी इस कार्य में संतोषजनक कार्य नही कर रहे है। उन्होनें कलेक्टर से इस मामले में जांच की मांग की है।**

दरअसल अब सवाल यह है कि जो ग्राम पंचायते समय से पहले 100प्रतिशत मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य करने में देखी गई है वहां से पता चला कि वहां पर बीएलओ के साथ सहयोग में लगाई गई पंचायती अमले की ड्यूटी ने भी अपना योगदान दिया तब जाकर निर्धारित कार्य पूर्ण हो सका।

लेकिन अधिकांश ग्राम पंचायतों में बीएलओ को पंचायती अमले का कोई सहयोग नहीं मिल रहा है जिससे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में काफी परेशानियां आ रही हैं, उदाहरण के लिए यदि हम बात करें मोहनगढ़ तहसील अंतर्गत आने वाली ग्राम



पंचायत बिंदारी खास बूथ क्रमांक 184 की तो यहां के बीएलओ विजय सिंह सेंगर ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं अकेला परेशान हो रहा हूं और पूरी ईमानदारी से मतदाता सूची के कार्य करने में जुटा हुआ हूं लेकिन उसे आज तक यह पता नहीं चला कि मेरे सहयोग में किन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यहां तक कि कम समय में यह कार्य पूर्ण हो सके इसकी चिंता करते हुए बीएलओ ने खुद राशि देकर एक कर्मचारी रखा है तब जाकर 70प्रतिशत फार्म अपलोड वह कर पाया है। बताया गया कि हल्का पटवारी भगवंत राव सावले और आंगनबाड़ी सहायका की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन एसआईआर के कार्य में इन लोगों का कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। इस मामले में बीएलओ ने अधिकारियों से उचित दिशा-निर्देश देने की मांग की है। उन्होनें अपने साथ इस कार्य में लगाए गए अन्य कर्मचारियों पर सहयोग नहीं करने के गंभीर आरोप लगाए है।

### सूची में 51 नंबर पर है ड्यूटी का उल्लेख

बीएलओ विजय सिंह सेंगर ने नवभारत से बातचीत करते हुए बताया कि जिला प्रशासन द्वारा एसआईआर के सर्वेक्षण कार्य के लिए जो ड्यूटी सूची जारी की है उसमें 51 नंवर पर उनके साथ पटवारी भगवंत राव सावले के अलावा संबंधित क्षेत्र की आंगनवाड़ी सहायिका का नाम शामिल है। उन्होनें बताया कि पटवारी एवं आंगनवाड़ी सहायिका ने एसआईआर के कार्य में बिल्कुल भी सहयोग नहीं किया है। जिसके चलते बीएलओ ने स्वयं के व्यय पर एक सहयोगी को इस काम में मदद के लिए रखा है। जिसके सहयोग से यह कार्य हो पा रहा है।

## पुलिस ने मंदिर की चोरी का किया खुलासा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। चंदेरा थाना क्षेत्र के कछिया गुड़ा स्थित बागेश्वरी मंदिर में हुई चोरी का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा किया गया है। आरोपियों ने चोरी के लिए यूट्यूब वीडियो का सहारा लिया था। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई प्रतिमाएं और अन्य सामान बरामद कर लिया है।**

गिरफ्तार हुए आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने यूट्यूब पर देखा था कि ताले में पेट्रोल डालकर आग लगाने से उसे तोड़ना आसान हो जाता है। इसी तकनीक का उपयोग कर आरोपियों ने मंदिर का ताला तोड़ा था। उन्होंने राम, लक्ष्मण और लड्डू गोपाल की प्रतिमाएं सहित अन्य सामान चोरी किया था। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि फ रियादी रामभजनदास कछियागुड़ा ने 19 नवंबर को चंदेरा थाने में मंदिर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात चोर बागेश्वरी मंदिर से 4 किग्रा पीतल की श्रीरामचंद्र जी की मूर्ति, 6 किग्रा पीतल की श्री लक्ष्मण जी की मूर्ति, 1 किग्रा पीतल की श्री लड्डू गोपाल जी की मूर्ति, चांदी के मुकुट, कुण्डल और पीतल की चौकी चुरा ले गए थे। आरोपी की तलाश के लिए टीम को उत्तर प्रदेश के बांदा रवाना किया गया। वहां से प्रमोद उर्फ छोटू 21 पुत्र राजू अहिरवार निवासी ग्राम महोतरा, थाना अतर्रा, जिला बांदा उप्र को गिरफ्तार किया गया।

# मंदिर के सौंदर्यीकरण को लेकर दिए सुझाव



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के करीब 200 साल पुराने नजरबाग स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मंदिर की मरम्मत और परिसर में सुधार पर जोर दिया गया।**

बैठक में सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, विवेक चतुर्वेदी, पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार सहित लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों ने मंदिर की तत्काल मरम्मत कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। राजशाही दौर में निर्मित यह बुंदेली स्थापत्य कला का प्रतीक मंदिर लगभग 200 साल पुराना है। वर्तमान में यह कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुका है। मंदिर के आधे हिस्से में लंबे समय से एक सरकारी स्कूल संचालित है जिससे परिसर की स्थिति और जटिल हो गई है। बैठक के दौरान मंदिर परिसर में संचालित स्कूल को नजरबाग में खाली पड़ी शासकीय स्कूल की इमारत में स्थानांतरित करने की मांग प्रमुखता से उठी। इसके अतिरिक्त मंदिर की क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत, आकर्षक पुताई, चारों ओर लाइटिंग की व्यवस्था भगवान के राजभोग के लिए रसोई का निर्माण का प्रस्ताव रखा।

## पौधरोपण कार्यक्रम में दिया पर्यावरण का संदेश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के प्रवास के दौरान स्थानीय पुलिस लाईन परिसर स्थित मां की बगिया में पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कदंब के पौधे का रोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना है।**

इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, श्रीमती सरोज राजपूत, जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, पूर्व विधायक पृथ्वीपुर डॉ. शिशुपाल सिंह यादव, विवेक चतुर्वेदी, अन्य जनप्रतिनिधिगण, आईजी सागर श्रीमती हिमानी खन्ना, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के प्रवास के दौरान स्थानीय पुलिस लाईन परिसर स्थित मां की बगिया में पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस दौरान स्थानीय पुलिस लाईन परिसर स्थित मां की बगिया में पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कदंब के पौधे का रोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## विद्युत विभाग क्षेत्र में दे रहा कार्यवाही को अंजाम



**नवभारत न्यूज पलेरा। क्षेत्र में रबी फसल में किसानों द्वारा पंपों से फसलों की सिंचाई की जा रही है। वहीं अवैध तरीके से बिजली लेकर पंप चलाने वालों पर विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। जिसके चलते पलेरा क्षेत्र के किसानों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिल रही है। विद्युत विभाग ने किसानों से सिंचाई के लिए कनेक्शन लेने की अपील की है।**

इसी क्रम में विद्युत वितरण कंपनी पलेरा के सहायक अभियंता लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा ने कर्मचारियों के साथ बिजली बकायादारों एवं अवैध रूप से विद्युत पंप चलाने वालों पर कार्रवाई की गई जिसमें सोमवार को क्षेत्र के बूदौर, महेन्द्र महेवा, टौरी, लिधौरा में चेकिंग चलाकर अवैध तरीके से विद्युत पंप चलाने वाले ऐसे 10 लोगों के कुंओं व नदी में चल रहे विद्युत मोटरों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। एई लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि सभी किसान विद्युत पंपों को कनेक्शन लेकर चलाएं और बकाया राशि जमा करें ताकि किसी भी प्रकार की कार्यवाही से बचा जा सके।

## जनसुनवाई में शिकायतों का निराकरण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर ने आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।**

उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। प्राप्त विभिन्न आवेदनों पर सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों को 10 दिवस में निराकृत कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई।

# जिले की समीक्षा बैठक में शामिल हुईं प्रभारी मंत्री



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याणए विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि एसआईआर कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करायें। समय की महत्वता को समझते हुये उन्होंने सभी जिले वासियों से अपील की है कि वे एसआईआर कार्य में बीएलओ का सहयोग करें तथा समय पर गणना पत्रक जमा करें।**

बैठक में प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने विधानसभावार विकास कार्यों की समीक्षा की तथा सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने विजन दस्तावेज को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गीता भवन एवं वृंदावन ग्राम योजना मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैए सभी अधिकारी इसके क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देते हुये समय पर कार्य पूर्ण करायें। उन्होंने जिले में निर्माणाधीन सांदिपनी विद्यालयों की प्रगति की जानकारी ली तथा शीघ्र ही लंबित कार्य पूर्ण कर सूचित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अवैध उत्खनन एवं अवैध शराब बिक्री की शिकायतों का पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। कृष्णा गौर ने एमएसएमई विभाग द्वारा सुनौरा खिरिया में स्थापित नवीन औद्योगिक ईकाई की सराहना की तथा कहा कि जिले में स्व.रोजगार के उन्नयन हेतु निरंतर क्रियाशील रहें तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध करायें।

# भगवान श्रीराम की बारात में जमकर थिरके श्रद्धालु

**मंदिरों में हुआ श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव**

**देर रात तक पाणिग्रहण कार्यकम हुए संपन्न**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। मंगलवार को श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव को परंपरा के अनुसार मंदिरों में मनाया गया। शहर के नजरबाग मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। जिसमें श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव की रस्म का कार्यक्रम विधिवित सम्पन्न कराया गया।**



हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष मंगलवार को श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव का आयोजन जिसमें बुन्देली विवाह गीतों के साथ भगवान श्रीराम की बारात निकाली गई। भगवान श्रीराम दूल्हा के रूप में दिखाई दे रहे थे। वहीं दुल्हन के रूप में माता जानकी अपने परिधान में नजर आ रहीं थी। विवाह महोत्सव के दौरान बुन्देली विवाह गीत हरे बांस मंडप छाय, सिया जू को ब्याहन राम आए। सीता बन रहीं दुल्हनियां जैसे आकर्षक भजनों पर भगवान श्रीराम की बारात में श्रद्धालु जमकर थिरकते हुए दिखाई दिए। इसके अलावा भक्तगण जयजय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए दिखाई दिए श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव के उपलक्ष में नजरबाग मंदिर परिसर में पांच दिवसीय समारोह का आयोजन रखा गया था। मंगलवार को शाम पांच बजे मंदिर से दूल्हा बने भगवान श्रीराम की बारात गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। बारात में नगर भ्रमण किया, इसके उपरांत भगवान श्रीराम की बारात वापस नजरबाग मंदिर प्रांगण में पहुंची। वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ भगवान श्रीराम और माता जानकी के विवाह कार्यक्रम की रस्मे सम्पन्न कराई गईं। देर रात्रि तक भगवान के पाणिग्रहण संस्कार के कार्यक्रमों का दौर अनवरत जारी रहा। आज बुधवार को भगवान सत्यनारायण की कथा के साथ श्रीराम विवाह महोत्सव के पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इसके अलावा कथा संपन्न होने के बाद कन्या भोज एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। अंत में भगवान श्रीराम एवं माता जानकी की महाआरती का कार्यक्रम नजरबाग मंदिर में सम्पन्न होगा। धार्मिक आयोजन को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला है।

**बातचीत** भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक ने की नवभारत से चर्चा

# मैं गरीबी में रहकर इस मुकाम तक पहुंचा, मेरी आंखों में आज खुशी के आंसू

( आमिर खान )

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मैं गरीबी में रहकर इस मुकाम तक पहुंचा हूं, आज मेरी आंखों में खुशी के आंसू हैं। मैंने कभी भी सपने में नहीं सोचा था कि मेरी बेटी प्रतिभा के विवाह में प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित संगठन एवं केन्द्रीय मंत्री पहुंचेगे। कभी भी यह नहीं सोचा था कि बेटी का विवाह इतनी धूमधाम से कर पाऊंगा। पर आज पता चला कि बेटियों के भाग्य के आगे सब संभव है। यह बात जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने नवभारत से चर्चा के दौरान कही।**




दरअसल बीते दिन सोमवार को भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक की पुत्री प्रतिभा का विवाह समारोह झांसी रोड़ स्थित एक निजी रिसोर्ट में संपन्न हुआ। जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा संगठन से हितानंद शर्मा सहित तमाम मंत्रियों एवं विधायकों का जमावड़ा लगा। जहां हर किसी ने हरिशंकर खटीक की पुत्री को उनके विवाह की शुभकामनाएं दी।

विवाह समारोह के एक दिन बाद विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि मैंने जो सोचा भी नहीं था वह बेटी के भाग्य ने कर दिखाया। मैं गरीबी में रहा मेहनत की और इस मुकाम तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि 12 चुनाव जीते। पलेरा क्षेत्र में ऐसा कभी नहीं हुआ कि मेरे परिवार से कोई जनप्रतिनिधि निकलकर सामने न आया हो। उन्होंने आगे यह भी कहा कि एक बार महज 200 कुछ मतों से हार का सामना किया और विधायक नहीं बन पाए, लेकिन अगली बार जनता ने मुझ पर भरोसा जताया और मैं फिर उनकी सेवा के लिए खड़ा हुआ विजयी हासिल की। इतना ही नहीं आज जो कुछ भी हों अपने परिवार समाज जनता की दम पर हूं। मैं तो यही कहूंगा कि बेटी की शादी की विदाई के पूरे दृश्य को आंखों में देखकर खुशी के आंसू छलक आए। उम्मीद नहीं थी कि प्रतिभा के विवाह को इतना सुन्दर बना पाऊंगा, ईश्वर ने मुझे अपने औकात से भी ज्यादा दिया है। बस ईमानदारी और मेहनत ने इस सफलता तक पहुंचाया। अंत में उन्होंने कहा कि मैं अपने सभी परिवार सहित साथियों एवं पधारे अतिथियों का दिल से धन्यवाद देता हूं। मैं अपने क्षेत्र के लोगों से भी यह कहना चाहता हूं कि वह अपना प्यार मुझ गरीब पर ऐसे ही बनाए रहें।

### मेरा पूरा परिवार सिर्फ चुनाव सेवा के लिए लड़ता है

भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक ने यह भी कहा कि मेरा पूरा परिवार चुनाव कोई राजनीति एवं व्यापार के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए लड़ता है। शायद इसीलिए लोग हमें अपने परिवार का सदस्य मानकर आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। मैं अपने परिवार के लोगों से हमेशा इस बात पर झगड़ता हूं कि जनता की सेवा में कोई कमी न हो जाए। मैं किसी भी गरीब को परेशानी में देखकर खुद की परेशानी समझकर उसका निराकरण कराता हूं।

## 13 को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियांवयन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर भवन, जिला न्यायालय के सभाकक्ष में जिला अभियोजन अधिकारी एवं विभिन्न बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनीता गोयल द्वारा बैंक प्रबंधकों से नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले बैंक प्रीलिटीगेशन प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी गई।

## सुबह से आसमान में दिखी हल्की धुंध



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मंगलवार सुबह हल्की धुंध छाई रही। पिछले एक सप्ताह से जिले में ठंड का असर कुछ कम हुआ है। दिन का तापमान लगातार 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है जबकि रात का तापमान बढ़कर 14.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।**

भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शनिवार को अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री और सोमवार को 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं रविवार को न्यूनतम तापमान 14 डिग्री और सोमवार रात को 14.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।आसमान में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिन और रात के तापमान में वृद्धि हुई है। अगले कुछ दिनों तक दिन और रात का तापमान इसी तरह बने रहने की संभावना है। दिन में धूप निकलने और रात में ठंड पड़ने से फसलों को लाभ मिलेगा।